श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म. प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 262 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 08 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया


## बस और पिकअप की टक्कर, दो जन घायल

**मनासा, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच रोड पर रविवार रात सावन और जवासा के बीच कोटा से प्रतापगढ़ जा रही जय श्री बस लहसुन से भरी पिकअप से टकरा गई। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क पर कांच के टुकड़े बिखर गए। पिकअप में लदी लहसुन भी सड़क पर फैल गई।

इस दुर्घटना में बस में सवार बिहार निवासी 47 वर्षीय उत्तम यादव के सिर में बस का कांच घुस गया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया गया। दूसरे घायल 23 वर्षीय अनीस को भी गंभीर चोटें आई। दोनों घायलों को पहले मनासा सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट राहुल कछावा मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में कुछ अन्य यात्रियों को भी मामूली चोटें आई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनो घायलो को बड़े अस्पताल नीमच रैफर किया गया।

# पांच साल में दस नए सोनोग्राफी सेंटर खुले..!

## अनुमति देने वाले सरकारी अस्पताल में सुविधा नहीं?



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर को मेडिकल हब बनाने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि तीन साल से बड़े अस्पताल को रेडियोलॉजिस्ट तक नहीं दिलवा पा रहे हैं। ऐसे में इतने सालो से सोनोग्राफी सुविधा बंद है। वहीं, पूर्व में जिन रेडियोलॉजिस्ट ने ज्वॉइन किया, वे दोगुना वेतन व स्वतंत्र रूप से कार्य करने के करण निजी क्षेत्र में चले गए। स्थिति यह है कि जिले में पांच साल में सोनोग्राफी के 10 नए सेंटर खुल गए! इनको अनुमति देने वाले बड़े अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरू नहीं करा पा रहा रहे हैं। नतीजा यह कि सुविधा के लिए मरीजों को मजबूरन हजारों रुपए चुकाने पड़ रहे है। इस खेल के बीच सेंटर संचालकों की लाखों की कमाई हो रही है। बता दे कि करीब तीन साल पहले डॉ विकास शर्मा रेडियोलॉजिस्ट थे। जिनके अस्पताल छोडने के बाद से ही सोनोग्राफी मशीन होने के बाद भी लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहाहे।

### जिले में पैतीस सेंटर पंजीकृत...

जिले में 35 सोनोग्राफी सेंटर पंजीकृत हैं। इनमें से बड़े अस्पताल सहित गरोठ व शामगढ़ में कुल 03 सेंटर सरकारी हैं। जबकि, 32 निजी हैं। इसमें से अधिकतर शहर में ही हैं। बीते साढ़े चार साल में ही 10 नए सेंटर खुल गए हैं। इधर, बड़े अस्पताल में 03 जुलाई 2022 को रेडियोलॉजिस्ट के त्याग-पत्र से ही पद रिक्त है। हालांकि बीच में डेढ़ माह 08 निजी रेडियोलॉजिस्ट भी दो घंटे फ्री सेवा देने के लिए राजी हुए। बाद में उन्होंने भी असमर्थता जाहिर कर दी। इसके बाद हाल ही में कुछ समय महिला चिकित्सक ने निःशुल्क सेवा दी। अब वह भी चली गई। उसके बाद से ही अधिकारी पत्राचार तो जनप्रतिनिधि आश्वासन देने में व्यस्त हैं। बता दें कि जिला स्तर पर सलाहकार समिति द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सोनोग्राफी सेंटर की अनुमति दी जाती है।

### सवा लाख रूपये महीने में पड़ता रेडियोलॉजिस्ट...

मानदेय वृद्धि के बाद संविदा के तौर पर नियुक्त होने वाले रेडियोलॉजिस्ट को करीब सवा लाख रुपए वेतन प्रतिमाह मिलता है। परमानेंट रेडियोलॉजिस्ट को 5400 ग्रेड पे के हिसाब से करीब 60 से 70 हजार रुपए प्रतिमाह, यह वेतन वरिष्ठता के आधार पर बढ़ता जाता है। सेवानिवृत्ति से पूर्व वेतन करीब 2 लाख के करीब पहुंच जाता है। इधर, निजी क्षेत्र में लैब संचालक करीब 02 लाख से 03.50 लाख रुपए प्रतिमाह के मान से रेडियोलॉजिस्ट को नियुक्त कर लेते हैं। हर निजी लैब में कम से कम 1500 से 3 हजार रुपए तक की जांच के मान से रोज 25 से 30 मरीज पहुंचते हैं। यही कारण है कि अधिकतर रेडियोलॉजिस्ट ने त्याग-पत्र देकर निजी क्षेत्र चुन लिया।





करणी सेना अध्यक्ष जीवनसिंह को व्यवहार न्यायाधीश ने जैल भेजा, सत्र न्यायालय ने जमानत स्वीकार की...

# दो घंटे 42 मिनिट जैल में रहे जीवनसिंह

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर को पुलिस ने सोमवार को मंदसौर अदालत में पेश किया। न्यायालय ने उन्हें जैल भेजने का आदेश दिया। बाद में उनके अभिभाषको ने सेशन कोर्ट में अपील की। जहां जिरह के पश्चात सत्र न्यायालय द्वारा उन्हें 01 लाख रूपये की जमानत या मुचलके पर जमानत स्वीकार की। जिसके बाद उन्हें शाम को जैल से रिहा कर दिया गया।

मंदसौर पुलिस कप्तान के कार्यालय के बाहर धरनास्थल से अभिरक्षा में लेने के बाद पुलिस ने शनिवार शाम को जीवनसिंह को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ भी की गई थी। ऐसे में लिखापढ़ी की प्रक्रिया समय पर पूरी ना होने के चलते रविवार को कोर्ट में पेशी नहीं हो पाई थी। इसके बाद रविवार को भी कुछ बिंदुओं पर काम हुआ। बाद में सोमवार को कोर्ट में पेशी हुई। जहां से उन्हें न्यायाधीश श्री कशीश माटा ने जैल भेजने का आदेश दिया। जैल भेजने से पहले बड़े अस्पताल में उन्हें मेडिकल के लिए लाया गया। बता दे कि बेहपुर के महेंद्रसिंह के मामले में जीवनसिंह को साल 2024 में भावगढ़ पुलिस ने धारा 307 के तहत आरोपी बनाया था। हालांकि इसके बाद जमानत के लिए हाईकोर्ट में अंतरिम जमानत याचिका को खुद ने ही विड्रॉ किया था। मामले में हाईकोर्ट से भी निर्देश था कि ट्रायल कोर्ट में ये एप्लीकेशन लगाना होगी। हालांकि, जीवनसिंह की ओर से 4 माह बाद भी ये प्रक्रिया नहीं की गई। इसके अलावा एससी-एसटी एक्ट मामले में जांच बगैर प्रकरण बनाने को लेकर भी जीवनसिंह ने सवाल उठाए थे। बाद में जीवनसिंह के अभिभाषक जितेन्द्रसिंह सिसौदिया, हरीश सेंगर, प्रवीण जैन ने सेशन न्यायालय में अपील की। जहां सुनवाई के बाद जीवनसिंह को एक लाख रूपए की जमानत और इतने के ही मुचलके पर जमानत स्वीकार की गई।

### पौने तीन घंटे जैल में रहे जीवनसिंह...

करणी सेना प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर को निचली अदालत से जैल वारंट बनने के बाद उनका बड़े अस्पताल में मेडिकल कराया गया। अपरान्ह 03.40 बजे उन्हें जैल दाखिल किया गया। जबकि, सेशन कोर्ट से जमानत मिलने पर उन्हें शाम 06.22 बजे रिहा कर दिया गया। इस तरह करीब 02 घंटे 42 मिनीट तक जीवनसिंह मंदसौर जैल में रहे। उनकी रिहाई के समय जैल के बाहर उनके 100-150 समर्थक भी पहुंच गये थे। जिनके चेहरे पर जीवनसिंह की रिहाई की खुशी साफ दिख रही थी।

# पत्रकारों में आक्रोश, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** फिल्ड में कवरेज के दौरान कई बार पत्रकारों के साथ अभद्रता और हुज्जतबाजी जैसी घटनाएं मंदसौर सहित प्रदेशभर में सामने आई है। इसको लेकर मंदसौर में पत्रकारों ने रैली निकाली और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीओपी सुश्री किर्ती बघेल को पुलिस कप्तान के नाम सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि मंदसौर के सभी पत्रकार विभिन्न विषयों, आन्दोलनों, प्रदर्शनों आदि घटना-दुर्घटनाओं के सम्बंध में निष्पक्ष व लाइव कवरेज के लिए फील्ड में रहते हैं। इस दौरान कई बार हमारे साथ अभद्रता, हुज्जतबाजी जैसी घटनाएं हो जाती है, जैसा कि जीवनसिंह शेरपुर के प्रदर्शन के दौरान एक पत्रकार साथी के साथ हुआ। ऐसे में हम और हमारा परिवार स्वयं को असुरक्षित महसूस करता है। जबकि, हम भी इसी लोकतंत्र के लिए कार्य करते हैं और इसी लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ भी कहलाते हैं। अक्सर देशभर में मीडिया पर हमलों, अभद्रता, हुज्जतबाजी जैसी घटनाएं सामान्य हो गई है और अब तो यह घटना मंदसौर में वह भी आप ही के कार्यालय के सामने जिलेभर के पुलिस फोर्स के समक्ष हुई।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिलेभर में पत्रकारों की सुरक्षा की जाए यानी कोई पत्रकार किसी खबर के दौरान अपने आपको असुरक्षित महसूस करे तो तत्काल प्रभाव से उसे पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। करणी सेना के प्रदर्शन के दौरान जो घटना हुई है, इसकी पुनरावृत्ति न हो। पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू किया जाए। आप अपने मातहतों को भी अपराध बैठक में ताकीद करें कि पत्रकारों से न सिर्फ सभ्यता से पेश आए, बल्कि खबर में उनका सहयोग करें। साथ ही इसके लिए लिखित आदेश भी जारी करें। जिसे समस्त एसडीओपी कार्यालयों एवं निरीक्षको तक पहुंचाया जाए।

# मोहर्रम के जलसे में हिंदू राष्ट्र का बैनर जलाने का वीडियो वायरल

## सैलाना के बाजार बंद, सड़क पर बैठ किया हनुमान चालीसा पाठ, आरोपी पर रासुका लगाने की मांग





**रतलाम, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सैलाना कस्बे में मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक घटना का वीडियो वायरल होने के बाद तनाव की स्थिति बन गई। वीडियो में एक युवक मुंह में पेट्रोल भरकर आग को एक बैनर की तरफ फूंकता दिख रहा है। इस भगवा बैनर पर बड़े शब्दों में हिंदू राष्ट्र लिखा है। आग से बैनर आंशिक रूप से जल गया।घटना रविवार रात को मस्जिद चौराहे की है। वीडियो सोमवार सुबह वायरल हुआ। सर्व हिंदू समाज और अन्य धार्मिक-सामाजिक संगठनों ने घटना को जानबूझकर की गई हरकत बताया। इसे भगवा ध्वज का अपमान कहा। विरोधस्वरूप बाजार बंद रखा। हिंदूवादी संगठनों ने कहा कि मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लेकिन, किसी ने भी ऐसा कर रहे युवक को नहीं रोका। उन्होंने आरोपी के खिलाफ रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, पुलिस वीडियो की सत्यता की पुष्टि कर रही है। एहतियातन इलाके में बल तैनात किया गया है। इधर अपुष्ट सूत्रो के अनुसार पुलिस ने चार युवको को हिरासत में लिया है।

## चार युवक गिरफ्तार

### सड़क पर बैठ पड़ी हनुमान चालीसा...

घटना से गुस्साए लोगों ने मस्जिद चौराहे पर सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। मौके पर एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल, रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला और थाना प्रभारी सुरेश गडरिया मौजूद रहे।

### इन्हें किया गिरफ्तार...

मामले में जांच के बाद सैलाना थाना पुलिस ने आरोपी शहजाद पिता सलीम मेव निवासी कालिका माता रोड़ सैलाना, बबलू शाह निवासी कब्रिस्तान रोड़ सैलाना, भय्यू पिता मुन्ना खां पठान निवासी कालिका माता रोड़ सैलाना, अज्जु शाह पिता रमजानी शाह निवासी मस्जिद चौराहा सैलाना को गिरफ्तार किया और पैदल ही मेडिकल के लिये ले जाया गया। चारो की हालत चलने लायक भी नहीं दिखाई दे रही थी। ऐसा लग रहा था कि आमजन ने उनकी पिटाई की हो और उनकी ऐसी हालत कर दी हो।

## जावद में मोहर्रम पर बंद रहे बाजार...

**नीमच, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद में मोहर्रम के अवसर पर एक बार फिर अघोषित बंद का माहौल रहा। बिना किसी आह्वान के बाजार में दुकानें बंद रही। यह स्थिति वर्ष 2015 से जारी है। उस समय हनुमान जन्मोत्सव के दौरान हुई पथराव की घटना के बाद से यह सिलसिला शुरू हुआ था।

रविवार को मोहर्रम के दिन जहां मुस्लिम समाज हजरत इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धा से याद कर रहा था। वहीं चाय-नाश्ते से लेकर किराने तक की दुकानें बंद रहीं। बस स्टैंड से मुख्य बाजार तक सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान मुस्लिम बहुल इलाकों में ताजिया जुलूस निकाला गया। शहर के अन्य हिस्सों में लोगों को जरूरी सामान के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। टीआई जितेन्द्र वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी और पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहे। प्रशासन ने बाजार खुलवाने के लिए कई प्रयास किए। अधिकारियों ने व्यापारियों और नागरिकों से संवाद किया। पिछले वर्षों में हिंदू-मुस्लिम समाज की कई संयुक्त बैठकें भी आयोजित की गई। बैठकों में सहमति बनने के बावजूद त्योहारों पर बाजार बंद रहने का सिलसिला जारी है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह का बंद व्यापार को प्रभावित कर रहा है।

हाईस्कूल-हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यार्थियों को मिलेंगे आठ बोनस अंक...

# दूसरी परीक्षा में प्रश्न पत्रों में त्रुटियों के कारण मिलेगी राहत

**भोपाल, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा समाप्त हो गई है। 02 जून से मूल्यांकन भी शुरू कर दिया गया है। 10वीं व 12वीं के गणित और भौतिकी के जिन प्रश्नों में गलती थी, उनमें विद्यार्थियों को आठ अंक बोनस दिए जाएंगे। वहीं जीरो और 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की कॉपी दोबारा चेक की जाएगी। एक और दो नंबर से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी की पात्रता से वंचित होने वाले परीक्षार्थियों पर भी फोकस किया जाएगा। उनकी कॉपी के हर पेज पर मिले अंकों को जोड़ने में भी विशेष सावधानी बरती जाएगी। इसके अलावा कॉपियों की चेकिंग आदर्श उत्तर के अनुसार होगी। विद्यार्थी को हर स्टेप के नंबर देने होंगे। अगर शिक्षक ने गलत कॉपी जांची तो बाद में विद्यार्थी के कॉपी में नंबर बढने पर शिक्षक पर एक नंबर बढने पर 100 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

बताया गया है कि 10वीं उर्दू के प्रश्नपत्र में जिन विद्यार्थियों को उर्दू का सेट बी, सी व डी मिला था, उसके एक प्रश्न में गलती थी। सेट बी के प्रश्न क्रमांक 17 के बाद जो नोट ... शेष पेज 4 पर

# मिनी गोवा में डूबे युवकों के शव मिले

## कोटा के युवकों की पानी में डूबने से हुई थी मौत, सोमवार को रेस्क्यू टीम ने बरामद किए शव

## अस्थाई रूप से मिनी गोवा पिकनिक स्पॉट बंद किया गया



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रविवार दोपहर बाद कंवला गांव के मिनी गोवा में दो युवक पानी में डूब गए। सोमवार को शवों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान कोटा के केशव कुंज इलाके में रहने वाले सोनू यादव उम्र 20 वर्ष और चेतन कुमार उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों युवक अपने 05 दोस्तों के साथ वैगनर कार से कंवला स्थित मिनी गोवा घूमने आए थे। स्थानीय निवासी भारत, जयसिंह, सुरेश के अनुसार युवक पिकनिक के दौरान शराब का सेवन कर रहे थे। कार के ट्यूब के साथ वे डेम के बैकवॉटर में काफी आगे चले गए। गहरे पानी में जाने के बाद दोनों डूब गए।

तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि एसडीआरएफ ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। सोमवार सुबह 06 बजे चेतन की डेडबॉडी मिली, करीब 09 बजे सोनू का शव भी बरामद कर लिया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर कोटा रवाना हो गए। मृतक सोनू के पिता की कोटा में बालागुड़ा चौराहे पर इलेक्ट्रिक दुकान है। सोनू उनके साथ दुकान पर बैठता था। वह पांच बहनों का इकलौता भाई था। वहीं चेतन मजदूरी करता था।

### ट्यूब के सहारे पानी में गये थे युवक...

घटना रविवार शाम सात बजे की है। रात नौ बजे तक युवकों को ढूंढने की कोशिश की गई। इसके बाद सोमवार को फिर प्रयास किया गया। तब कहीं जाकर दोनों युवकों के शव बाहर निकाले जा सके। कंवला के जयसिंह ने बताया की दोनों अपने 05 दोस्तों के साथ पिकनिक माने आए थे। ये लाल रंग की बैगनार कार से कोटो से आए थे। पहले दोनों युवकों ने शराब पी। इसके बाद कार के ट्यूब के सहारे पानी में उतर गए। दोनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूब गए।

### लोगों की भीड़, व्यवस्थाओं की दरकार...

भानपुरा के कंवला गांव में चंबल नदी का किनारा समुद्र किनारे जैसा नजर आता है। गोवा जैसी फिलींग यहां होती है। यही कारण है कि इसे मिनी गोवा नाम दे दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी मिनी गोवा खासा छा रहा है। स्थानीय लोग यहां अपना वीकेंड मनाने के लिए आते हैं। वहीं अब जिले के आसपास के लोग भी यहां आने लगे हैं। बता दें, यहां एक ऐसा गांव है, जो हूबहू गोवा जैसा लगता है। यही कारण है कि अब लोगों की संख्या यहां बढ़ रही है तो कहीं न कहीं सुरक्षा को लेकर इंतजाम करना जरुरी हो गया है।

### क्या है गोवा जैसा...

भानपुरा क्षेत्र के कंवला गांव चंबल नदी के किनारे स्थित है। यहां चंबल का पाट चौड़ा है। पानी का दूर-दूर तक छोर नजर नहीं आता। इस मिनी गोवा में 02 बड़ी-बड़ी चट्टानें हैं, जो नदी के बीच में आपको किसी आइलैंड की तरह दिखाई देती हैं। इसी कारण यहां का नजारा समुद्र के जैसा लगता है। बारिश में यहां टूरिस्ट का सबसे अधिक जमावड़ा देखा जाता है। कंवला में सनसेट को देखने का मजा कुछ और ही है। ये जगह काफी शांति वाली और प्राकृतिक नजारों से घिरी हुई है, मतलब देखने वालों के तो होश ही उड़ा देती है। दिन के समय कैंप लगाकर भी यहां के दृश्यों को सुकून से देख सकते हैं। चंबल नदी के किनारे लहरें भी टकराते हुए दिखाई देंगी। गांव की आबादी इस इलाके से थोड़ा दूरी पर रहती है। चंबल के तट पर दो बड़े-बड़े शिलाखंड भी हैं। इन शिलाखंडों में एबाबिल पक्षी के मिट्टी से बने हुए सुंदर घरोंदों को भी देखा जा सकता है, इनकी वजह से इन्हें गांव में 'चिड़ी वाला पत्थर' भी कहते हैं।

## मिनी गोवा को घोषित किया प्रतिबंधित क्षेत्र...




**दु:खद हादसे के बाद प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर इंतजाम करने की बजाय मिनी गोवा को ही प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया। नदी किनारे शाम को एक बोर्ड लगा दिया गया। जिसमें अनाधिकृत व्यक्ति को यहां प्रवेश पर प्रतिबंध का संदेश लिख दिया गया। जबकि, इस क्षेत्र को विकसित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। जिससे पर्यटक यहां पहुंचे।**

# तीन माह के राशन ने दी टेंशन

## कंट्रोल की दुकानों पर गेहू-चावल का टोटा, दुकानों के चक्कर काट रहे हितग्राही

### भोपाल से ही नहीं खुला पोर्टल, दुकान संचालक भी परेशान




**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** राशन उपभोक्ताओं को एक साथ तीन महीने का राशन वितरित करना है। लेकिन, शहर सहित जिले की कई दुकानों पर जुलाई से ही खाद्य सामग्री का टोटा पड़ा हुआ है। इन दुकानों पर राशन के लिए दर्जनों हितग्राही रोज चक्कर काट खाली हाथ लौट रहे हैं। पूर्व में जिन्हें राशन मिला, उनमें से भी कुछ को चावल नहीं मिले हैं। इधर अतिरिक्त माल की डिमांड के लिए पोर्टल पर इंट्री की जाती है। लेकिन, अभी तक भोपाल से ही पोर्टल बंद है। जिसके कारण दुकान संचालकों की परेशानी और ज्यादा बढ गई है।

नियमित सहित पोर्टेबल हितग्राहियों के लिए जिले में हर महीने औसत करीब चार हजार मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं व चावल आवंटित होता है। इस बार एक साथ तीन महीने जून, जुलाई व अगस्त का राशन दिया जाना है। अर्थात लगभग बारह हजार मीट्रिक टन से ज्यादा खाद्यान वितरित होना है। इसके विपरित जिले में कई दुकानों पर राशन खत्म हो गया है। इनमें से कुछ पर तो सभी उपभोक्ताओं को राशन मिल गया। लेकिन, कुछ पर अभी भी मांग बनी हुई है। अब ये उपभोक्ता अपनी राशन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। इधर दुकान संचालक अतिरिक्त आवंटन की उमीद में उपभोक्ताओं को एक-दो दिन बाद आने का आश्वासन देकर लौटा रहे हैं। हालांकि खाद्यान्न का अतिरिक्त आवंटन कब होगा, फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### पोर्टेबल उपभोक्ता पहले राशन ले गए..!

जिले में करीब 9 लाख 92 हजार हितग्राही हैं जो शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से राशन लेते हैं। इनमें करीब 02 प्रतिशत पोर्टेब्लिटी वाले उपभोक्ता है। ये ऐसे हितग्राही हैं जो कहीं और से आए हैं या काम के कारण शहर-गांव बदलना पड़ता है। ऐसे उपभोक्ता किसी भी क्षेत्र की शासकीय उचित मूल्य की दुकान से अपने कोटे का राशन ले सकते हैं। अधिकतर पोर्टेबल उपभोक्ताओं ने पहले ही राशन ले लिया। इससे संबंधित कुछ दुकानों पर राशन खत्म हो गया या क्षेत्र के नियमित उपभोक्ताओं की मांग की तुलना में कम पड गया। औद्योगिक क्षेत्र और आसपास की राशन दुकानों में से अधिकांश पर यह स्थिति अधिक बन रही है।

### 10 जुलाई आखिरी तारीख...

हितग्राहियों को तीन महीने का राशन आवंटित करने की आखिरी तारीख 30 जून निर्धारित की गई थी। केवायसी अपडेशन व अन्य कारण से इस तारीख तक आवंटन पूरा नहीं होने पर शासन ने अंतिम तारीख बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी है। यह अवधि पूरी होने में भी अब आज सहित तीन दिन ही शेष हैं।

### 190 की जगह सिर्फ 129 फीसदी हुआ आवंटन...

एक राशन दुकान संचालक के अनुसार उनके यहां पोर्टेब्लिटी अधिक होने से 190 प्रतिशत खाद्य वितरण होता है। लेकिन इस बार आवंटन 129 प्रतिशत ही हो पाया है। इसमें भी कई उपभोक्ताओं को चावल नहीं मिले हैं। जुलाई से राशन खत्म है और अभी कई कार्डधारकों को राशन देना शेष है। पास की एक दुकान पर थोड़ा राशन बचा है, लेकिन उनके यहां भी चावल पहले ही खत्म हो चुके हैं।

### आबादी 15 लाख, 09 लाख 92 हजार ले रहे राशन...

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की आबादी 13 लाख 39 हजार 832 थी। सांख्यिकी विभाग के अनुसार जिले में जनसंख्या वृद्धि 13.19प्रश हैं। इस अनुमान से वर्तमान में जिले की आबादी करीब 15 लाख से ज्यादा है। ई केवायसी से पहले इसमें से 9 लाख 92 हजार 720 लोग राशन पात्रता में शामिल हैं। जबकि 90 प्रश से ज्यादा ई केवायसी जिले में हो चुकी है। 25 श्रेणियों में 15 लाख में से 9 लाख 92 हजार लोगों के नाम से पात्रता पर्ची जारी है और राशन भी मिल रहा है।

# प्रदेश के 50 प्रतिशत ग्रामों को जोड़ेंगे दुग्ध नेटवर्क से-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। नई 381 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर 9500 दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी प्रणाली से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के लिए डेयरी विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक संशोधन कर अधिक लाभकारी बनाने के निर्देश दिए थे। अब राज्य में दुग्ध उत्पादन की 72 प्रतिशत संभावित क्षमता को कवर करने और बाजार पहुंच को 15प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने दुग्ध संग्रहण बढ़ाने, दुधारू पशुओं की नस्ल सुधार, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से देशी नस्ल के पशुओं के लिए मॉडल फार्म विकसित करने, सांची ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने, भोपाल दुग्ध संघ के अंतर्गत हीफर रियरिंग सेंटर की स्थापना, दुग्ध उत्पादक किसानों को खरीदे गए दूध की कीमत का समय पर भुगतान, डिजीटाइजेशन वर्क की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**दुग्ध संघों ने बढ़ाई है ढाई से छह रुपए प्रति लीटर राशि**–इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश के दुग्ध संघों में न सिर्फ दुग्ध संग्रहण बढ रहा है, बल्कि किसानों और दुग्ध उत्पादकों का हित भी सुनिश्चित हो रहा है। दुग्ध संघों में दुग्ध मूल्यों में ढाई रुपए से लेकर छह रुपए तक प्रति लीटर वृद्धि का कार्य किया है। प्रदेश में दो दुग्ध संघों जबलपुर और ग्वालियर में दुग्ध संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघ को दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान के लिए दो-दो करोड़ रुपए की कार्यशील पूंजी भी उपलब्ध करवाई गई है।

## श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में 10 को मनेगा गुरू पूर्णिमा महोत्सव



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में 10 जुलाई, गुरूवार को संतों के सानिध्य में प्रात: 8.30 बजे से गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया जावेगा।**

उक्त जानकारी देते हुए सत्संग भवन ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया ने बताया कि 11 जुलाई को प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक पू. स्वामी डॉ. नारायणानंद गिरीजी महाराज वृन्दावन का भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से उच्चारित वैश्विक ग्रंथ श्रीमद् भगवद् गीता पर वर्तमान संदर्भ में गीता के महत्व की अनिवार्यता विषय पर चातुर्मास प्रारंभ होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, जगदीशचन्द्र गर्ग, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, महेश गर्ग अजय मित्तल, अजय सिखवाल, राजेश तिवारी, सूरजपालसिंह तोमर ने समस्त गुरु भक्तों, सत्संग प्रेमी जिज्ञासुओं से गुरु पूर्णिमा महोत्सव और चातुर्मास प्रवचन लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### बूथलेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण 9 से जावद में

**नीमच, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.भोपाल के निर्देशानुसार बूथलेवल अधिकारियों के लिए राष्ट्रीरय प्रशिक्षण कार्यक्रम तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 230 जावद के बीएलओ का प्रशिक्षण 9 से 11 जुलाई 2025 तक पांच बैच में शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद में प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई 2025 को मतदान केंद्र क्र.1 से 88 तक के बीएलओं का प्रशिक्षण, 10 जुलाई 2025 को मतदान केंद्र क्रं.89 से 175 तक के बीएलओं का प्रशिक्षण एवं 11 जुलाई 2025 को मतदान केंद्र क्र.176 से 218 तक के बीएलओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा हैं। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी जावद श्रीमती प्रीती संघवी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को इस प्रशिक्षण में अनिवार्यत: उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### घर मे मिली नागिन, सर्पमित्र ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**पिपलियामंडी, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बारिश के दिनों में घरों में सांप निकलने की घटनाएं आम हो जाती हैं। बरसात में बिलों में पानी भर जाता है, जिससे वे सुरक्षित ठिकानों की तलाश में घरों में घुस जाते हैं। रविवार शाम नारायणगढ में नरेंद्रसिंह चौहान के घर में नागिन के घुस जाने पर सर्पमित्र सरफराज खान (मल्हारगढ) ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल मे छोड़ा। सर्फ मित्र ने बताया कि घरों में स्वच्छता रखे ताकि घरों के आसपास साप ना आए, वहीं सर्पदंश की घटना हो जाये तो तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल जाए।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आनलाइन आवेदन एवं नामांकन की प्रक्रिया शुरु

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आवेदन और नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला कलेक्टर्स एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आवेदन एवं नामांकन वेब पोर्टल http://nationala wardstotea chers.education.gov.in पर 13 जुलाई तक स्वीकार किये जायेंगे। प्रदेश में जिन शिक्षकों द्वारा 13 जुलाई तक नामांकन कर दिया जायेगा उनके अभिलेख, ऑडियो, वीडियो 15 जुलाई तक पोर्टल पर अपलोड किये जा सकेंगे।

**जिला स्तरीय चयन समिति**– शिक्षक द्वारा किये गये नामांकन की प्रथम स्तर पर स्कूटनी के लिये जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। समिति में राज्य शासन का प्रतिनिधित्व जिले के डाइट प्राचार्य और कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सदस्य के रूप में करेंगे।

**राज्य स्तरीय चयन समिति**– राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार एवं सम्मान के लिये राज्य स्तर पर भी समिति होगी। सचिव स्कूल शिक्षा विभाग अध्यक्ष होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में केन्द्र सरकार के नामांकित प्रतिनिधि, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के साथ आयुक्त लोक शिक्षण सदस्य सचिव के रूप में शामिल होंगे। राज्य चयन समिति द्वारा विशेष श्रेणी सहित अधिकतम 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अग्रेषित की जा सकेंगी।

**समय सारणी**–राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की ऑनलाइन प्रक्रिया के निष्पादन की समय सारणी निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन 13 जुलाई 2025 तक स्वीकार किये जायेंगे। शिक्षक द्वारा अंतिम रूप से नामांकन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा राज्य चयन समिति के लिये ऑनलाइन पोर्टल पर 3 अनुशंसाओं को 16 जुलाई से 25 जुलाई तक भेजा जा सकेगा। राज्य चयन समिति द्वारा नेशनल ज्यूरी को शॉर्ट-लिस्टेड 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार को ऑनलाइन 26 जुलाई से 4 अगस्त तक भेजी जा सकेंगी। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के बेव पोर्टल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

### पेंशनर नागरिक महासंघ की मासिक बैठक सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पेंशनर नागरिक महासंघ की बैठक गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर नगर इकाई अध्यक्ष पंकज शर्मा तरुण व नवीन सदस्य राधेश्याम प्रजापति के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। उपाध्यक्ष हरिसिंह यादव ने प्रेरणा गीत, राधेश्याम सैनी ने लोक गीत, हुकमीचंद कनेरिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बालूराम कराड़ा ने हास्य व्यंग सुनाए। राजेंद्र कैथवास ने व्यायाम से लाभ पर विचार रखे। पंकज शर्मा ने स्वरचित दोहे तथा कुंडलिया छंद सुनाए व संघ की गतिविधियों से अवगत कराया। सचिव अमृतलाल जैन, केसी टेलर, बग़दीराम गुप्ता, मदनसिंह, गोविंद शर्मा, अशोक शर्मा, सुरेश जैन, अशोक बोराना, भंवर सैनी फौजी, समरथमल झरिया भी उपस्थित रहे। आभार हुकमीचंद कनेरिया ने माना।

## सेना से सेवानिवृत्त हुए सैनिक का भानपुरा वासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**भानपुरा, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर तहसील भानपुरा इकाई द्वारा सेना से सेवानिवृत नायक शोभित माली का स्वागत किया गया। साथ ही नायक श्री माली का न्यू टारगेट एकेडमी और नगरवासियों ने भी गर्मजोशी से स्वागत सम्मान किया। स्वागत यात्रा भानपुरा स्थित बजरंगबली चौराहे से शुरू होकर बस स्टैंड पहुंची, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर तहसील भानपुरा के पूर्व सैनिकों सैनिकों द्वारा सेवानिवृत हुए सैनिक को संगठन की कैप, माला, श्रीफल एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया तत्पश्चात नगर में बाजे, गाजे, डीजे, ढोल से भव्य रैली निकाली गई। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर श्री माली का स्वागत किया। रैली का समापन नगर माता परिसर में सहभोज के साथ संपन्न हुआ।

भानपुरा तहसील प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि हर सैनिक राष्ट्र की धरोहर है, सैनिकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और आगे भी इस तरह से आने वाले हर सैनिक का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के मार्गदर्शक कैप्टन गणेश दुबे, शिवराज सिंह देवड़ा, जितेंद्र, भानपूरा तह. प्रभारी दिलीप कुमार, विजय कच्छावा, शामगढ तह.प्रभारी राजेश खारोल, राजकुमार पाटीदार, धीरज सिंह, अनेक सिंह, मुकेश प्रजापत, राजेंद्र सिंह, तुलसीराम मीणा, लक्ष्मी नारायण, रघुनाथ देवड़ा, मोतीलाल, अशोक माली, राजकुमार माली, राजेश, श्रीलाल धाकड़, गोपाल गोयल सम्राट, श्याम धाकड़, गोपाल माली सहित लगभग 30 पूर्व सैनिक, सैनिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने डा. यजुर्वेदी को सम्मानित कर डिप्टी चीफ वार्डन ऑफ सिविल डिफेंस की रेंक पहनाई



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोविंद सिंह चौहान मंदसौर द्वारा बताया गया की डिविजनल कमांडेंट होमगार्ड से प्राप्त निर्देश पर डॉ हिमांशु यजुर्वेदी को राज्य होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल में एक सप्ताह के नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात उप पुलिस महानिरीक्षक श्री मनीष कुमार अग्रवाल के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इसी क्रम में जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के द्वारा आज स्वास्थ्य विभाग में सेवारत डॉ हिमांशु यजुर्वेदी को सम्मानित कर उनको डिप्टी चीफ वार्डन ऑफ सिविल डिफेंस की रेंक पहनाई है। स्वास्थ्य विभाग मंदसौर के विगत 60 वर्ष के इतिहास में और इस प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश के सभी प्रतिभागियों में डॉ हिमांशु यजुर्वेदी पहले ऐसे चिकित्सक प्रतिभागी है जिनको यह अवसर और मानद रेंक प्राप्त हुआ है, डॉ यजुर्वेदी वर्ष 2017 से इस कार्य में संलग्न है।

उल्लेखनीय है कि सिविल डिफेंस विभाग, भारत सरकार के गृह मंत्रालय का एक उपक्रम है जिसकी स्थापना वर्ष 1962 में हुई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की युद्ध के दौरान, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन स्थिति एवं अन्य विषम परिस्थितियों में जान बचाना है। साथ ही जिला प्रशासन के साथ नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जाने में सहयोग करना है। जिले में सिविल डिफेंस के प्रमुख जिला कलेक्टर रहते है, इस हेतु इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर के द्वारा यह रेंक सेरेमनी सम्पन्न की और अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।

## पर्यावरण संरक्षण पर स्वयंसेवकों ने दिया अनुकरणीय संदेश




**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक अर्पित परमार एवं द्वितीय वर्ष की स्वयंसेविका खुशबू परिहार ने अपने जन्म दिवस को पर्यावरण संरक्षण को समर्पित करते हुए एक प्रेरणास्पद पहल की।

प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अर्पित परमार ने अपने जन्मदिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में 11 पौधों का रोपण कर उन्हें सिंचित किया। इस पर्यावरणीय कार्य के माध्यम से उन्होंने जन्मदिवस को सेवा और संवेदनशीलता का प्रतीक बनाकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में स्वयंसेविका खुशबू परिहार ने भी अपने जन्मदिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्थित 16 गमलों में ताज़ी मिट्टी भरकर एवं नवीन पौधारोपण कर उन्हें जीवनदान दिया। इस कार्य में अन्य एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। दोनों स्वयंसेवकों ने इस पहल की प्रेरणा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य से प्राप्त होने की बात कही और बताया कि उनके सतत मार्गदर्शन व सहयोग से ही यह संपूर्ण आयोजन सफल हो सका। इस अवसर पर डॉ. आर्य ने कहा, अपने जन्मदिवस को समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना एक बहुत ही प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने दोनों विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य एवं निरोगी जीवन की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर क्रीडाधिकारी एन.सी.सी. अधिकारी प्रो. योगेश पटेल, प्रवेश प्रभारी प्रो. गौरव पाटीदार, क्रीडाधिकारी श्री राजू कुमार, मुख्य लिपिक श्री धर्मेन्द्र आर्य, क्रीडा शिक्षक हेमन्त ग्वाला, राहुल सुरा एवं पर्यावरणविद श्री अशोक धनोतिया समेत एन.एस.एस. स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

### दूसरी परीक्षा में प्रश्न पत्रों में... पेज 1 से जारी

दिया गया है, उसमें प्रश्न क्रमांक 13 एवं प्रश्न क्रमांक 14 का जबाव लिखें अंकित है। इसी प्रकार की गलती सी व डी सेट में है। इन प्रश्न को हल करने के प्रयास में विद्यार्थियों को बोनस के दो-दो अंक दिए जाएंगे। वहीं दसवीं की गणित में चारों सेट में एक प्रश्न गलत है। सेट ए के प्रश्न क्रमांक दो(छह) में गलती है। इसी प्रकार बी, सी व डी सेट है। इस प्रश्न को हल करने के प्रयास में विद्यार्थियों को बोनस के एक-एक अंक दिए जाएंगे। वहीं 12वीं के उर्दू के पेपर में बी, सी व डी सेट में गलती है। बी सेट के प्रश्न क्रमांक छह के बाद जो नोट दिया गया है, उसमें प्रश्न क्रमांक 14 अंकित है। इसी प्रकार सी व डी सेट है। इस प्रश्न को हल करने के प्रयास में बोनस के दो-दो अंक दिए जाएंगे। वहीं 12वीं भौतिकी के चारों सेट में गलती है। सेट ए के क्रमांक सात का है। इस प्रश्न को हल करने के प्रयास में छात्र को बोनस के दो-दो अंक दिए जाएंगे।

**इनका कहना**–जिन विषयों के प्रश्नपत्रों में त्रुटि पाई गई है, उन्हें बोनस अंक देना तय किया गया है। अभी गलत प्रश्नपत्र देने वाले मामले में कोई निर्णय नहीं हुआ है।

**केडी त्रिपाठी, सचिव, माशिम भोपाल**

### प्रेक्षक बंसल 7 से 11 जुलाई एवं 21 से 26 जुलाई तक जिले में भ्रमण पर रहेंगे

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा जिला मंदसौर के जनपद पंचायत सीतामऊके निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23 के निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम-19 (क) के अंतर्गत निहित प्रावधान के तहत श्री श्याम सुंदर बंसल, भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवानिवृत्ति) मो नं 9425416814 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री बंसल 7 जुलाई से 11 जुलाई तथा 21 जुलाई से 26 जुलाई तक जिले में उपस्थित रहेंगे तथा पंचायत उप निर्वाचन का कार्य संपन्न करवाएंगे। प्रेक्षक श्री बंसल ने रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष जनपद पंचायत सीतामऊका निरीक्षण किया। निर्वाचन की सूचना प्रकाशन, नाम निर्देशन, सीटों के आरक्षण, मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशन, नाम निर्देशन इत्यादि के संबंध में जानकारी भी ली।

### कर्तव्य निवर्हन में लापरवाही एवं आदेशों की अवहेलना पर पटवारी निलंबित

**नीमच, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एसडीएम जावद श्रीमती प्रीती संघवी द्वारा कानून व्यलवस्थाा की ड्यूटी में लापरवाही बरतने और वरिष्ठन के आदेशों की अवहेलना करने पर म.प्र.सिविल सेवा आचरण (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत सरवानिया महाराज के पटवारी श्री पुष्करर नायक को तत्कातल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में श्री नायक का मुख्याकलय तहसील कार्यालय जावद रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निवार्हन भत्ता देय होगा।


**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक– मंदसौर, दिनांक–

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कृष्णपालसिंह सिसौदिया पिता राजेन्द्रसिंह सिसौदियाजी निवासी माऊखेड़ी, तहसील दलौदा, मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| KRISHANPAL SING SISODIYA | KRISHNAPAL SING SISODIYA |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक– मंदसौर, दिनांक–

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोह. शाकिर पिता मोह. अमीन निवासी पुलिस कालोनी, मंदसौर, मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| MOHD SHAKIR | MOHAMMAD SHAKIR SHEKH |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक– मंदसौर, दिनांक–

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै हुकुमचंद्र पिता बलराम निवासी सेमलियारानी, तहसील सीतामऊ, मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| HUKUMCHAND | HUKOOMCHANDR |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

**मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम**
**विंध्याचल भवन, भोपाल (म.प्र.)-462004**
****** आम-सूचना ******

म.प्र राज्य कर्मचारी आवास निगम की ग्राम भुन्याखेड़ी जिला-मंदसौर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 30 आकार 90.00 वर्गमीटर निगम द्वारा श्री रामगोपाल शर्मा पिता श्री शंकरलाल शर्मा के नाम पर आवंटित है। उक्त संपति का विक्रय विलेख दिनांक 15.06.2007 को पंजीकृत है। श्री रामगोपाल शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 17.07.2010 को हो गया है एवं उनकी पत्नी श्रीमती कलावती शर्मा का भी स्वर्गवास दिनांक 08.11.2014 को हो गया है।

स्व.श्री रामगोपाल शर्मा के पुत्र श्री योगेश शर्मा एवं पुत्री श्रीमती प्रियंका शर्मा के द्वारा माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ-पत्र, राशन कार्ड, स्वयं के आधार कार्ड, पेन कार्ड, पट्टाभिलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति का स्वयं के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं निगम नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कर्मचारी आवास निगम भोपाल


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in